# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 संक्रामक बीमारियों का जोर, अस्पताल की गैलरी में लगाने पड़ रहे अतिरिक्त बेड












# बोर्ड की द्वितीय अवसर परीक्षा के लिए निजी स्कूलों को नहीं बनाया गया केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाई व हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरु हो गई हैं। शहर और ग्रामीण अंचलों को मिलाकर 13 शासकीय स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बार निजी स्कूल को परीक्षा केंद्र के दायरे से बाहर रखा गया है। नई शिक्षा नीति के तहत साल में दो बार परीक्षा आयोजित की जाएगी। दूसरी परीक्षा को अवसर परीक्षा का नाम दिया गया है। पहली बार आयोजित हो रही दूसरी अवसर परीक्षा में 3357 परीक्षार्थियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है।

अलग खबर

नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्कूलों में भी साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं ली जाएंगी। पहली मुख्य परीक्षा मार्च महीने में और दूसरी अवसर परीक्षा जुलाई महीने में लिए जाने का समय निर्धारित किया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत इसी वर्ष से दो बार बोर्ड परीक्षा लिए जाने का नियम लागू होने के बाद 22 जुलाई से ली जा रही अवसर परीक्षा के लिए शहर और ग्रामीण अंचलों को मिलाकर 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शहर और ब्लॉक मुख्यालय में संचालित किसी भी निजी स्कूल को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। जिन 13 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा ली जाएगी उसमें कोरबा शासकीय स्कूल, कन्या साडा, बालको बालक हायर सेकेंडरी स्कूल, करतला हायर सेकेंडरी स्कूल, सरगबुंदिया हायर सेकेंडरी स्कूल, कटघोरा ब्लॉक के बालक एवं बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल दोनों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह हरदीबाजार और भिलाई बाजार के हायर सेकेंडरी स्कूल को परीक्षा केंद्र का दर्जा दिया गया है। इसके अलावा पाली हायर सेकेंडरी स्कूल और पोड़ी उपरोड़ा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले का सबसे बड़ा ब्लॉक होने के कारण पोड़ी उपरोड़ा में जटगा और कोरबी चोटिया को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## सीजी बोर्ड : 3357 परीक्षार्थी दिलाएंगे परीक्षा

**खास बात**

- शहर और ग्रामीण अंचलों में केवल शासकीय स्कूलों को हबी दी गई परीक्षा केन्द्र की जिम्मेदारी




## 9 अगस्त तक परीक्षा, कॉलेज में प्रवेश 14 तक

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड की द्वितीय अवसर परीक्षा 22 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। वहीं महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई और कुल सचिव के अनुमति पर 14 अगस्त निर्धारित की जाती है। सवाल यह है कि 9 अगस्त को समाप्त होने वाली बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम 14 अगस्त तक घोषित नहीं किए जाने पर 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश कैसे मिलेगा। द्वितीय अवसर परीक्षा देने वाले 12वीं के छात्र महाविद्यालय में प्रवेश को लेकर चिंतित हैं।

## खबर संक्षेप

### समीर बने रेलवे के पीआरओ



**कोरबा।** समीर कान्त माथुर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार मंगलवार को विकास कुमार कश्यप से ग्रहण किया। विकास कुमार कश्यप की पदस्थापना परिचालन विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में की गई है। समीर कान्त माथुर भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसई) के 2011 बैच के अधिकारी हैं। श्री माथुर वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (सा.) के पद पर पदस्थ हैं एवं वे उप महाप्रबंधक (सा.) के साथ मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का कार्यभार भी देखेंगे।

### खाद्य विभाग ने चेंबर ऑफ कॉमर्स को लिखा पत्र

**कोरबा।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अतंर्गत समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा अनुमोदित एजेंसीस से समय-समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। पूर्व में प्रदाय किये गये प्रशिक्षण जिसके अवधि 2 वर्ष की होती है वह समाप्त हो चुकी है। खाद्य कारोबारकर्ताओं को उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण का उल्लेख एवं प्रमाण-पत्र लायसेंस के नवीनीकरण में प्रस्तुत करना होगा अन्यथा आगे लायसेंस नवीनीकरण नहीं हो सकेगा तथा ऑनलाइन खाद्य कारोबारकर्ता को नोटिस जा सकता है, लायसेंस निलंबित व रद्द हो सकता है। राज्य में भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण हेतु अनुमोदित संस्था प्रखर फांउडेशन के द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित एजेंसी के द्वारा रसीद के माध्यम से प्रदाय लिया जावेगा।

### शिक्षक ने की व्याख्याता पदोन्नति की मांग

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य व्याख्याता पदोन्नत समिति के नेतृत्व में 15 माह से पदोन्नति प्रक्रिया के लिए शतत प्रयास किया जा रहा है। प्रदेशभर के समस्त बीईओ, डीईओ संयुक्त संचालकों व डीपीआई के संबधित अधिकारियों को कई बार ज्ञापन भेंटकर निवेदन किया जा चुका है व लगातार दूरसंचार से चर्चा जारी है फिर भी आज पर्यंत 14 माह बीत जाने के बाद शिक्षकों को साफ सुथरी त्रुटि रहित वरिष्ठता सूची प्राप्त नहीं हो पाई है। जितने बार भी सूची जारी हुई है हो रही है सेकड़ों कमी, त्रुटि बार बार हो रही हैं जिसके सेकड़ों प्रमाण प्रदेशभर से शिक्षक अवगत करा रहे हैं। ऐसे में डीपीआई द्वारा अनेकों बार पदोन्नति प्रस्ताव मंगाया गया है, समझने वाली बात यह है कि जब वरिष्ठता सूची सही है ही नहीं तो ऐसे में पदोन्नति प्रताव मंगाए जाना उचित प्रतीत नहीं है, क्योंकि इससे संबधित कार्यालय के लिपिक, अधिकारी व शिक्षक बार बार अनावश्यक सीआर दे रहे है।

## एसईसीएल के अस्थायी हेलीपैड पर सबसे ज्यादा लैंड होता है हेलीकॉप्टर

# पुलिस लाइन में स्थायी हेलीपेड बनाने की तैयारी, चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जब भी वीवीआईपी का आगमन होता है तो ऐसे में हेलीकॉप्टर को उतारने के लिए एसईसीएल के अस्थाई हेलीपैड का तो इस्तेमाल किया जाता है लेकिन यहां सुरक्षा को लेकर हमेशा खतरा मंडराता रहता है यही वजह है कि अब पुलिस लाइन में हेलीपैड बनाने की दिशा पर पहल शुरु की गई है ताकि पुलिस लाइन में उतरने वाले वीवीआईपी सहित हेलीकॉप्टर को पर्याप्त सुरक्षा मिल सके।

**खास बात**

- पुलिस के अफसर लाइन में हेलीपेड बनाने तैयार कर रहे हैं प्रस्ताव

उल्लेखनीय है कि अक्सर जिले में भी वीवीआईपी का आगमन होता रहता है। जिला मुख्यालय के सबसे करीब मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एसईसीएल के हेलीपैड में हेलीकॉप्टर को लैंड कराया जाता है जो स्थाई रूप से बना हुआ है। जब कभी भी वीवीआईपी का आगमन होता है तो जिला प्रशासन द्वारा एसईसीएल के हेलीपैड की बेहतर ढंग से घेराबंदी करनी पड़ती है और सुरक्षा को लेकर खतरा भी बना रहता है। इसे लेकर जिला प्रशासन, पुलिस चिंतित भी रहती है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि इसी वजह से अब जिला प्रशासन की पहल से पुलिस लाइन में पुलिस ग्राउंड के ठीक बगल में खाली पड़ी जमीन पर हेलीपैड बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा जा रहा है। जहां से अनुमति मिलने के बाद आने वाले दिनों में पुलिस लाइन में हेलीपैड बनकर तैयार हो जाएगा जो पूरी तरह से स्थाई होगा और पुलिस लाइन में सुरक्षा भी चाक चौबंद रहेगी । निश्चित तौर पर पुलिस की पहल सराहनीय है क्योंकि बड़े शहर रायपुर व अन्य जिलों में पुलिस लाइन में ही हेलीपैड बने हुए हैं जहां वीवीआईपी के आगमन के दौरान पुलिस लाइन के हेलीपैड का ही इस्तेमाल किया जाता है।



पुलिस लाइन में तैयार किया जा रहा स्थायी हेलीपैड।

## जिले में निजी उपक्रमों के है हेलीपैड या एयर स्ट्रिप

जिले में वैसे तो हेलीपैड की बात करें तो जिले में कई स्थानों पर हेलीकॉप्टर को लैंड कराया जाता है। ज्यादातर एसईसीएल के जिला मुख्यालय स्थित हेलीपैड का ही इस्तेमाल होता है लेकिन कई बार सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीएसईबी के फुटबॉल ग्राउंड या फिर इंदिरा स्टेडियम में अस्थाई हेलीपैड बना दिया जाता है। इसी तरह से निजी उपक्रमों के भी कई हेलीपैड हैं जिनमें एसईसीएल गेवरा में हेलीपैड बना हुआ है तो वहीं दूसरी ओर बालको का स्वयं का एयरस्ट्रिप है। जहां प्रशासन व अन्य उपक्रमों की हवाई जहाज आने पर इसी एयर स्ट्रिप का इस्तेमाल किया जाता है।

# बीमार किशोरी का झाड़ फूंक से इलाज, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 15 वर्षीय किशोरी की पिछले कई दिनों से तबीयत खराब थी उसे सर्दी बुखार था लेकिन परिजन उसकी अस्पताल में उपचार कराने की बजाय गांव में किसी बैगा के पास झाड़ फूंक करा रहे थे। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आ रहे थे। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत किशोरी को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमा का है। यहां निवासरत स्व. हीरा सिंह मंझवार की 15 वर्षीय पुत्री बालमित्र को पिछले तीन दिनों से उसे सर्दी बुखार था परिजन उसे अस्पताल ले जाने की बजाए गांव में ही किसी बैगा के पास झाड़ फूंक करा रहे थे। पुलिस के मुताबिक बालमित्र की तबियत अत्यधिक बिगड़ने पर सोमवार की शाम उसके परिजन उसे गांव से उपचार करने के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां बीच रास्ते में ही बालमित्र की मौत हो गई। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## फांसी के फंदे में युवक की मिली लाश

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरेली के कर्रापाली निवासी जगदीश कुमार विश्वकर्मा की लाश मड़वारानी रेलवे स्टेशन के समीप एक पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकती हुई मिली थी। घटना की सूचना मिलने पर उरगा थाना प्रभारी कृष्णकुमार वर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना आला अधिकारियों को दी। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त थी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट कोरबा से प्रभारी अधिकारी डॉक्टर सत्यजीत सिंह कोसरिया व टीम आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। जहां उनके द्वारा घटनास्थल एवं शव का निरीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# अश्लील वीडियो वायरल करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया था। जब इसकी भनक उसके परिजनों को लगी तो इसकी शिकायत पुलिस से की गई। जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर तीन युवकों को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। क्षेत्र में निवासरत एक नाबालिक किशोरी का कुछ युवकों ने मोबाइल पर अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया था। जब इसकी जानकारी किशोरी के परिजनों को लगी तो उनके होश उड़ गए और उन्होंने इस मामले की शिकायत उरगा थाना में की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में कमल दास, शुभम, पतराम शामिल हैं।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर उसे न्यायालय ने 10 वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की सजा अदा ना करने पर आरोपी को 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

पसान थाना क्षेत्र के ग्राम पलमूपारा कुम्हारी दर्री निवासी बुधराम सिंह आयाम उम्र 25 वर्ष पिता रस्तम सिंह आयाम ने एक युवती का दुकान जाते समय रास्ते में हाथ पकड़कर खींचते हुए जंगल ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376, 376 (2) (एम) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर धारा 376 एवं धारा 376 (2), (एम) के अंतर्गत 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 1 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त शासकीय लोक अभियोजक कटघोरा अशोक कुमार आनंद ने पैरवी की है।

## एक वर्ष व 6 माह के लिए किसी भी निविदा में नहीं ले सकेंगे भाग

# लापरवाह ठेकेदार किए गए ब्लैक लिस्टेड, अमानत राशि राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्माण कार्यो के संपादन के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने वाली तीन 3 निर्माण एजेंसियों के खिलाफ निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई ने कार्यवाही करते हुए उन्हें 1 वर्ष व 6 माह के लिए निगम की निविदाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करने के साथ-साथ उनके द्वारा जमा की गई अमानत राशि को भी राजसात करने की कार्यवही की है।



यहाँ उल्लेखनीय है कि मेसर्स जय माँ दुर्गा कंस्ट्रक्शन जमनीपाली द्वारा निगम के वार्ड क्र. 31 सतगुरू कबीर आश्रम के पास रिसदी झगरहा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का ठेका लिया गया था, जिसका कार्य पूर्ण करने की अवधि समाप्त हो चुकी है तथा उनके द्वारा वर्तमान तक केवल 62 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण किया गया है, 38 प्रतिशत कार्य अभी भी शेष है, कार्य पूर्ण करने हेतु उन्हें नोटिस दिया गया था, किन्तु उनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, परिणाम स्वरूप उक्त निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही करते हुए जमा अमानत राशि रातसात करने के साथ-साथ निगम की आगामी निविदाओं में भाग लेने के लिए 01 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिबंधित भी कर दिया गया है। इसी प्रकार मेसर्स जय माँ दुर्गा कंस्ट्रक्शन जमनीपाली कोरबा द्वारा ही वार्ड क्र. 32 डिंगापुर बस्ती के आगे एन.डब्ल्यू.जी.ई.एल. चर्च के कब्रिस्तान के पास


⏭ शेष पेज 3 पर


## विकास व निर्माण कार्यो के प्रति लापरवाही क्षम्य नहीं

आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने कहा है कि विकास व निर्माण कार्यो के प्रति उदासीनता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, साथ ही कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का कम्प्रोमाईज स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होने निगम के अभियंताओं एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निर्माण कार्यो के संपादन में समयसीमा व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्यो में प्रयुक्त सामग्री निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप हों तथा समयसीमा के अंदर निर्माण कार्य पूरे हों।

## अनुबंध कार्यवाही न करने पर एक्शन

ठेकेदार परविंदर सिंह कोरबा द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत वार्ड क्र. 02 अंतर्गत स्टेडियम परिसर में क्वाईल फेंसिंग सहित बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं हाईट एक्सटेंशन संबंधी निर्माण कार्य का ठेका लिया गया था, जिनके द्वारा अनुबंध हेतु निर्धारित तिथि के पश्चात भी अनुबंध की कार्यवाही का संपादन नहीं कराया गया, परिणाम स्वरूप आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने उक्त कार्य की जमा अमानत राशि को राजसात करते हुए संबंधित ठेकेदार को निगम की निविदाओं में भाग लेने के लिए आगामी 06 माह की अवधि तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इसी प्रकार मेसर्स विरी एसोसिएट कोरबा द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत निर्मित बाल सुधारगृह तक सी.सी. रोड, नाली, पार्किंग व शेड निर्माण कार्य का ठेका लिया गया था, अनुबंध हेतु निर्धारित तिथि व्यतीत होने के पश्चात भी उनके द्वारा अनुबंध कार्यवाही संपादित नहीं की गई, जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त सुश्री ममगाई ने कार्य हेतु जमा अमानत राशि राजसात करते हुए निगम की निविदाओं में भाग लेने हेतु आगामी 06 माह के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### वन अधिकार पत्र हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** विकासखण्ड पाली के ग्रामों से वन अधिकार अधिनियम 2006 अंतर्गत 487 वन अधिकार पत्र हेतु दावे प्राप्त हुए हैं जिनका वनाधिकार पत्र तैयार किया जाएगा। किसी व्यक्ति समुदाय संस्था को इस पर आपत्ति है तो 15 दिवस के भीतर कार्यालय आदिवासी विकास विभाग कोरबा में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निराकरण पश्चात वनाधिकार पत्र जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। सूची का अवलोकन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### लीवर फाइब्रोस्कैन रोबोटिक दंत चेकअप शिविर का आयोजन

**कोरबा।** अलायंस क्लब, उर्जाधानी डिस्ट्रिक्ट 167 और इंटरनेशनल अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संयोजन में रविवार को श्री अग्रसेन गर्ल्स कॉलेज में लीवर फाइब्रोस्कैन रोबोतिक दंत चेकअप शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शहर के लोगों ने शामिल होकर परीक्षण कराया। शिविर में श्रीराम केयर हास्पिटल बिलासपुर से तीन गाड़ियों में 13 सदस्यीय टीम पहुंची। जिसमें शामिल डॉ.प्रतीक छाबड़ा लीवर रोग विशेषज्ञ, सरफराज खान दंत चिकित्सक, डॉ. राज जायसवाल हड्डी रोग विशेषज्ञ और पतंजलि से डॉ. दानेश्वर नरेश ब्रदर्स ने शिविर में निःशुल्क सेवाएं दी। शिविर में जांच कराने पहुंचे 150 से अधिक लोगों का फ्रांस की लिवर फाइब्रोस्कैन रोबोतिक दंत चेकअप मशीन के द्वारा निःशुल्क रोबोतिक परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान रामसिंह अग्रवाल, बनवारीलाल अग्रवाल, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष, राजेन्द्र अग्रवाल, श्रीकांत बुधिया, शोभा केडिया की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

### शुरू नहीं हुए कार्यों की राशि जमा करने के कलेक्टर ने दिया निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की प्राप्तियों तथा व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा वर्तमान दिवस तक डीएमएफ के अपूर्ण कार्यों की गहन समीक्षा की गई तथा लम्बे समय से अपूर्ण कार्यों को 01 माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । उन्होंने डीएमएफ के अप्रारम्भ कार्य जो माह फरवरी 2024 को शासनादेश के परिपालन में निरस्त किये गए थे, उक्त कार्यों की राशि तत्काल डीएमएफ के खाते में ब्याज सहित जमा करने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। प्रबंधकारिणी बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यकता एवं औचित्य का सूक्ष्म परीक्षण कर प्रस्ताव जमा करने निर्देशित किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री मिश्रा द्वारा डीएमएफ की नई गाइडलाइन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार उच्च प्राथमिकता क्षेत्र तथा प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र में प्राप्ति की 70 प्रतिशत राशि व्यय करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही अन्य प्राथमिकता क्षेत्र व अप्रत्यक्ष खनन क्षेत्र में 30 प्रतिशत व्यय का प्रावधान किया गया है।

### खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोरबा।** केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 एनटीपीसी में 53वां क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अंडर-14, 17, 19 की चेस, जूडो एवं ताइक्वांडो में रायपुर संभाग के 23 केंद्रीय विद्यालयों की 114 छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। इसके उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे, राजीव खन्ना जो कि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं एनटीपीसी लिमिटेड कोरबा के परियोजना प्रमुख हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में शशि शेखर मानव संसाधन प्रमुख एनटीपीसी लिमिटेड ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं को सुचारू रूप से आयोजित करवाने के लिए 12 खेल अधिकारी विशेषज्ञों की टीम का भी वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे द्वारा पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत समारोह की इस कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य एसके साहू ने स्वागत भाषण में विद्यालय की वर्ष भर की खेल कूद उपलब्धियों का वर्णन किया एवं प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मास्टर अथर्व श्रीवास्तव ने सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों को परेड के बाद शपथ दिलवाई। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ-साथ, खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

# बीहड़ वनांचल से संघर्ष के साथ निकली वकालत की प्रतिभा

## वनांचल क्षेत्रों में अधिकांश लड़कियां 10वीं के बाद छोड़ देती हैं पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में जहां साक्षारता दर की रफ्तार तमाम उपायों के बाद धीमी गति से बढ़ रही है। 10वीं के बाद इन क्षेत्रों में लड़कियां पढ़ाई छोड़ देती हैं। माता पिता भी आसपास उच्च शिक्षा की सुविधा नहीं होने के कारण लड़कियों को आगे की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं भेजते ऐसे में उरांव समाज की एक लड़की ने तमाम संघर्ष के बाद वकालत की पढ़ाई पूरी की जिसकी जानकारी उसे 12वीं की पढ़ाई तक नहीं थी और आज जिला एवं सत्र न्यायालय में वह वकालत कर रही है।

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले और जिला मुख्यालय से लगभग 70 किमी दूर ग्राम डोकरमना जो विकास के क्षेत्र में पिछले वर्ष ही सड़क पहुंचने के बाद कदम बढ़ा सका है। ऐसे दूरस्थ क्षेत्र जहां मिडिल स्कूल के बाद कोई स्कूल ही नहीं है, वहां की किसी लड़की द्वारा अपने गांव से निकलकर विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल और शहर के कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वकालत की डिग्री हासिल करना निश्चित तौर पर गांव की उन लड़कियों और उनके परिजनों के लिए यह संदेश है कि अगर जज्बे और संकल्प के साथ कोई भी कार्य किया जाए तो सफलता जरुर मिलती है। डोकरमना में निवासरत अंजना एक्का ने अपने छात्र जीवन से लेकर पढ़ाई के क्षेत्र में किस तरह और किस संघर्ष के साथ आगे बढ़ी उसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक की शिक्षा ग्राम डोकरमना में ही पूरी की। आगे की पढ़ाई के लिए वह अपने परिजनों के अनुमति लेकर विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम मोरगा के नेहरु स्मारक हायर सेकेंडरी स्कूल चली गई। इतनी दूर पढ़ाई के लिए भेजने परिजन भी सहमत नहीं थे लेकिन परिवार के अन्य सदस्यों के सहयोग से हाई व हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी की तब तक अंजना को एलएलबी जैसी कोई पढ़ाई होती है इसकी जानकारी नहीं थी। कला संकाय में स्नातक की पढ़ाई के लिए जब उसने मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में दाखिल लिया तब तक भी उसे ऐसी कोई कानूनी पढ़ाई की जानकारी नहीं थी। स्नातक अंतिम वर्ष की पढ़ाई के दौरान उसके साथ पढ़ने वाली लड़कियों से कानून की पढ़ाई की उसे जानकारी मिली बस क्या था उसने तय किया कि वह कानून की पढ़ाई करेगी। उसके बाद ज्योति भूषण विधि महाविद्यालय कोरबा से एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने के बाद आज जिला एवं सत्र न्यायालय में प्रैक्टिस कर रही हैं। अंजना की मानें तो देवपहरी के आगे कुटरुंवा, कुदरीचिंगार, नकिया विमलता, डोकरमना जैसे बीहड़ इलाके में लड़कियां आज भी पढ़ाई में आगे नहीं आ पा रही हैं।

**खास बात**

- कोरबा जनपद के देवपहरी के आसपास ग्रांवों में एक मात्र सर्वाधिक पढ़ी लिखी छात्रा है अंजना एक्का




## शिक्षण संस्थानों व विभिन्न संगठनों ने किया आयोजन

# विश्व सर्प दिवस पर लोगों ने जाना सांप के बारे में


कार्यक्रम में उपस्थित सर्पमित्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका एकमात्र उद्देश्य आम लोगों को सांपों के जीवन के बारे में जागरूक करना और उनका संरक्षण क्यों महत्वपूर्ण है यह बताना होता है। नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी कोरबा वनमण्डल में किंग कोबरा प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी ने विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए थे। जिसमें रील मेकिंग, ड्राइंग, क्विज़ आदि शामिल थे पूरे कोरबा के छात्रों ने इस कार्यक्रमों में भाग लिया था जिसमें भाग लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने एवं विश्व सर्प दिवस मनाने के लिए वन विभाग के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सभी को प्रोजेक्टर के माध्यम से चलचित्र दिखाए गए, उसके पश्चात चित्रकला में भाग लिया बच्चों को किंग कोबरा फ्रेम सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम स्थान श्रृष्टि शर्मा, दूसरा स्थान प्रिंस कुमार, तीसरा स्थान राहुल यादव फिर रील बनाने में प्रथन स्थान सैलेश, लहरे, दूसरा स्थान स्वेता उपाधाय तीसरा स्थान भूमिका टंडन प्रशन/उत्तरी में प्रथान स्थान संजना बर्वे दूसरा स्थान कृष्णा बर्वे और तीसरा स्थान श्रद्धा को मिला। इस अवसर पर कोरबा वनमण्डलाधिकारी अरविंद पीएम, प्रशिक्षु वनमंडलाधिकारी चंद्र कुमार अग्रवाल, एसडीओ आशीष खेलवार सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पीडब्लूडी रामपुर स्कूल में हुआ आयोजन



पीडब्लूडी रामपुर स्कूल में आरसीआरएस रेप्टाइल केयर रेस्क्यू सोसाइटी के अध्यक्ष अविनाश यादव व उनके टीम द्वारा सर्प से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया गया और सर्पदंश होने पर क्या किया जाना चाहिए इसकी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बच्चों और स्कूलों के शिक्षकों को जानकारी प्रदान की गई कि झाड़ फूंक, बैगा या किसी भी अंधविश्वास के चक्कर में भी न जाए और सर्पदंश की स्थिति पर तत्काल अपने नजदीकी अस्पताल में जाने की जानकारी दी गई। पीडब्लूडी रामपुर स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकगणों का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में आरसीआरएस टीम के अध्यक्ष अविनाश यादव और सदस्य प्रमोद यादव, अतुल सोनी, उमेश यादव, लोकेश राज चौहान का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पारिस्थितिकीय संतुलन में सांप की भूमिका महत्वपूर्ण



एनटीपीसी कोरबा की पहल विश्व सांप दिवस पर एनटीपीसी ने अपने टाउनशिप स्कूल और प्लांट परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सर्प विशेषज्ञों ने साँपों के साथ सहजीवन के महत्व को उजागर किया है, उनकी पारिस्थितिकीय भूमिका और सुरक्षा उपायों पर जोर दिया है। इंटरैक्टिव सत्रों और प्रदर्शनों के माध्यम से मिथकों को दूर किया है और छात्रों, कर्मचारियों, और निवासियों के बीच पर्यावरणीय प्रबंधन को बढ़ावा दिया। इस प्रकार के कार्यक्रम जीव विविधता के संरक्षण में सहयोग करते हैं और विभिन्न पारिस्थितिकीय परिसरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित रहने में मदद करते हैं।

# लेबर कोड से देश का श्रमिक बन जाएगा बंधुआ मजदूर : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौजूदा केंद्र की सरकार श्रम सुधार के नाम पर श्रम कानूनों में बड़ा बदलाव लाने जा रही है इस कड़ी मे 44 श्रम कानूनों को समेट कर चार कोड क्रमशः इंडस्ट्रियल कोड,वेज कोड, कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी व कोड ऑन सेफ्टी है इन लेबर कोड को सरकार ने गजट के माध्यम से पहले ही पब्लिक डोमेन में अध्ययन के लिए डाल दिया है और कभी भी इसकी अधिसूचना सरकार जारी कर सकती है।


दीपेश मिश्रा

इस संबंध मे भारतीय खान मजदूर फेडरेशन एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा कि केंद्र की मौजूदा सरकार जो लेबर कोड ला रही है उसके पूरी तरह लागू होने की स्थिति में देश का श्रमिक वर्ग पूरी तरह बंधुआ मजदूर होकर रह जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार लेबर कोड विधेयक के जरिए मजदूर संगठनों एवं कामगारों पर पूरी तरह नकेल कसना चाहती है इस कड़ी में गैर कानूनी हड़ताल में जाने वाले, उसके लिए प्रेरित करने वाले या उसमें प्रत्यक्ष परोक्ष मदद करने वालों पर कठोर दंड के प्रधान बनाए गए हैं इसके अलावा गैरकानूनी हड़ताल जाने वालों पर भी कठोर दंड का प्रावधान किया गया है उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि यह सरकार देश का सब कुछ निजी हाथ में सौंपने की मुहिम चला रही है इस कड़ी मे पूरे देश में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम लादने का कोशिश कर है इसी के तहत तमाम सरकारी संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों का ताबड़तोड़ निजीकरण करने पर भी आमादा है जो देश हित के खिलाफ है। यह अजीब विडम्बना है कि देश में आजादी के पहले जब अंग्रेजी हुकूमत हुआ करती थी तब 1929 में साइमन कमीशन ने कॉन्ट्रैक्ट पद्धति की जो सिफारिश की थी उसे तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह देश हित के खिलाफ है पर मौजूदा सरकार पूरे देश मे ठेका पद्धति को तेजी से आगे बढ़ा रही है इस संबंध मे दीपेश मिश्रा आगे कहा कि ये सरकार सिर्फ बहुराष्ट्रीय कंपनियां व चुनिंदा उद्योग घरानों को फायदा पंहुचाने के लिए ही श्रम सुधार के नाम पर 44 श्रम कानूनों मे बदलाव करके चार लेबर कोड मे तब्दील कर दिया है।

# दादरखुर्द में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा हुई वापसी, महापौर राजकिशोर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


रथयात्रा में शामिल महापौर व ग्रामवासी।

दादरखुर्द छोटी पुरी में महाप्रभु जग के नाथ जगन्नाथ भगवान अपने बड़े भाई बलभ्रद और छोटी बहन सुभद्रा के साथ मौसी के घर से वापस अपने धाम आ गये है। इस मौके पर दादरखुर्द में भगवान जगन्नाथ की वापसी रथयात्रा मंगलवार की शाम कर्मा नृत्य दलों के साथ पुरानी बस्ती से कंकालीन मंदिर होते हुए ग्राम भ्रमण कराते हुए रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालू शामिल हुए। इस दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद, एमआईसी सदस्य कृपाराम साहू, पालूराम साहू, पार्षद गंगाराम भारद्वाज, पूर्व पार्षद देवी दयाल सोनी, कृष्णा द्विवेदी, केके चौकसे, अरूण यादव ने भगवान जगन्नाथ की आरती उतारकर पूजन अर्चना किया और क्षेत्र में अमन चैन, सुख-समृद्धि की कामना की।

### भगवान जगन्नाथ पहुंचे अपने घर



**हरदीबाजार।** मां शीतला माता रथ यात्रा समिति पुरानी बस्ती के द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की अपने मौसी घर दीपका रोड़ शशी बाबूराम राठौर के घर से अपने घर वापसी मां शीतला माता मंदिर पर हुई। जिसमें डीजे की भक्ति धुन में रथ चते, नाचते हुए हुई। इस अवसर पर लाला राठौर, इन्द्र राठौर, बबला राठौर, तारेश राठौर, मयंक राठौर, आशीष यादव, बबलू राठौर, पप्पू राठौर, कमलेश राठौर, यूवराज सिंह, बउआ डिक्सेना, कमल डिक्सेना, मिलींद्र राठौर, सिद्धार्थ यादव, बंटी राठौर, सतीश जायसवाल, प्रबुद्ध राठौर निखिल डिकसेना, अनिल डिक्सेना, हरसेन महंत, सोनू नामदेव, लक्की राठौर एवं नरेंद्र राठौर सहित व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मधुमेह रोग का मुख्य कारण खराब जीवनशैली: डॉ.उदय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को होटल हेरिटेज इन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं हिमालया फार्मा जिल डिविजन बेंगलुरु के संयुक्त तत्वाधान में मधुमेह रोग (डायबिटीज डिसीज) पर संभाषा परिषद के रूप में आयोजित किया गया। जिसमे सर्वप्रथम हिमालया फार्मा के साइंटिफिक सर्विसेस मैनेजर डॉ.विपिन कटारिया ने मधुमेह रोग (डायबिटीज डिसीज) पर चर्चा कर इससे जुड़े कारण एवं निदान पर बताते हुये आयुष चिकित्सकों के साथ मिलकर अंचल में मधुमेह रोग (डायबिटीज डिसीज) पर वृहद निशुल्क जांच, चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन कर इस रोग के विषय मे जनजागरण करने की बात कही। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आयुष मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा का सम्मान शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया। चिकित्सक सम्मेलन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ.केकेपोद्दार, डॉ.अतुल धाबू, डॉ.सपना धाबू, डॉ.प्रदीप देवांगन, डॉ.सीडी राय, सचिव डॉ.राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ.संजय वैष्णव, उपाध्यक्ष डॉ.पीएल साहू, सहसचिव डॉ.आरजी साहू, कार्यकारिणी सदस्य डॉ.उपमा नायक, डॉ.संगीता शर्मा, डॉ.नीता साहू, डॉ.नंदिनी तिवारी, डॉ.प्रियदर्शिनी मिश्रा, डॉ.अरविन्द साहू, डॉ.पवन मिश्रा, डॉ.जितेंद्र नारायण शर्मा, डॉ.अमित मिश्रा, सेल्स ऑफिसर चक्रपाणि पांडे तथा आयुष मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य सहित बड़ी संख्या में बीएएमएस चिकित्सक उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### कार्य के प्रति...

शेड एवं अहाता निर्माण कार्य का ठेका भी लिया गया था, जिनके द्वारा आज पर्यन्त कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, इस पर भी एक्शन लेते हुए जमा अमानत राशि राजसात करने के साथ-साथ निगम की आगामी निविदाओं में भाग लेने हेतु 1 वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं पूनम कुमारी उम्र 37 वर्ष पति अमर दयाल सिंह निवास डी-137 सरस्वती विहार, एन. टी. पी. सी. कालोनी जमनीपली, जिला- कोरबा (छ. ग.) का होकर नीचे लिखे आशय का शपथपूर्वक कथन करती हूँ,

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ तथा मेरा आधार कार्ड न. 367180896924 है।
2. यह कि मेरा सही वास्तविक नाम पूनम कुमारी (POONAM KUMARI) है जो कि आधार कार्ड, पैन कार्ड में दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्र अमोल सिंह के विदयालय रिकार्ड में मेरा नाम पूनम सिंह दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि पूनम कुमारी पति अमर दयाल सिंह एवं पूनम सिंह दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है, अलग अलग व्यक्ति का नाम नही है अर्थात मेरा स्वयं का नाम है।
5. यह कि मैं मेरे पुत्र अमोल सिंह के विदयालय रिकार्ड में मेरा नाम पूनम कुमारी दर्ज कराना चाहती हूँ। जिसके समर्थन में मेरे द्वारा इस शपथ पत्र का निष्पादन किया गया है जिसे संबन्धित कार्यालय/संस्था में प्रस्तुत करना है।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक में वर्णित कथन मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 15.07.2024 को सत्यापित किया गया।

शपथकर्ता
पूनम कुमारी

## समय सीमा की बैठक में दिए वंचित पीवीटीजी वर्ग के लोगों को लाभान्वित करने कहा

# लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने कलेक्टर ने दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जनहित के महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी टीएल में प्रेषित प्रकरणों की जांच कराते हुए समय सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर अजीत वसंत ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। नगरीय निकाय, ग्रामीण अंचल, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र में भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाओं में आयुष्मान कार्ड निर्माण की जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की होगी। इस हेतु सभी विभागीय अधिकारी इस कार्य को गम्भीरता से लें। कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने कार्य की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु सभी एसडीएम व जिला शिक्षा अधिकारी को प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। इस हेतु शिविर लगाने से पूर्व एसडीएम तथा जिला शिक्षा अधिकारी को सभी विकासखण्डों से डाटा संग्रहण कर रिकॉर्ड अपडेशन के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों में विद्युतीकरण, पहुँचमार्ग, विद्युतविहीन गांवों में विद्युतीकरण के सम्बंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले के वनाच्छादित इलाकों में लंबे समय से लंबित बिजली की समस्या को प्राथमिकता से निराकृत करने की बात कही। उन्होंने विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण राज्य शासन से प्राप्त नए निर्देशों के अनुसार करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले के सभी आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण के लिए नियुक्त अधिकारियों को समय पर संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने की बात कही। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कलेक्टर ने पीवीटीजी समुदाय के लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समुदाय के बैंक खाता से वंचित लोगों का जानकारी एकत्र कर जल्द से जल्द उनका बैंक खाता खुलवाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभाग अंतर्गत किए गए भू-अर्जन के प्रकरणों का रिकॉर्ड दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न केंद्र का श्रममंत्री आज करेंगे शुभारंभ

**कोरबा।** शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत बुधवारी बाजार के समीप



नवीन अन्न केंद्र का वाणिज्य, उद्योग, व्यापार एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन बुधवार को शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही श्रम विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजना के तहत 176 श्रमिक परिवारों को चेक का वितरण भी करेगें। श्रमिक हितैषी विष्णुदेव सरकार द्वारा लगातार श्रमिक परिवारों को नित नई सौगात दी जा रही है। श्रम मंत्री श्री देवांगन द्वारा श्रमिकों के लिए बालको एल्यूमिना गेट के समीप पहले केन्द्र की शुरुआत की गई थी। शहर के बुधवारी बाजार के समीप दुसरे अन्न केंद्र का शुभारंभ 17 जुलाई को मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा दोपहर 1 बजे किया जाएगा। इन योजनाओं के तहत हितग्राहियों को चेक का वितरण किया जाएगा। श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ अब श्रमिक परिवारों को मिलने लगा है। असंगठित कर्मकार श्रमिक प्रसूति सहायता योजना के तहत 129 हितग्राहियों को 20-20 हजार की राशि, ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार व हमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजना के तहत 27 हितग्राही को 20-20 हज़ार की राशि व असंगठित कर्मकार मृत्यु व दिव्यांग सहायता योजना के तहत 16 हितग्राहियों को 1-1 लाख की राशि का चेक वितरित करेगें।

### उद्यानिकी एवं क्रेडा विभाग ने सामुदायिक बाड़ी का किया गया निरीक्षण



**कोरबा।** सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग एवं क्रेडा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले में खनिज न्यास मद से निर्मित एफआरए सामुदायिक बाड़ी का निरीक्षण कर योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन स्थिति की जानकारी ली गई। उद्यानिकी एवं क्रेडा विभाग द्वारा विकासखण्ड कोरबा के कल्दामार एवं केराकछार में कृषकों के एफ.आर.ए. सामुदायिक बाड़ी में पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया गया। कल्दामार के कृषक अच्छेलाल एवं अन्य कृषकों के प्रक्षेत्र में सिंचाई के लिए लगे हुए सोलर पैनल एवं नलकूप चलित अवस्था में हैं। कृषकों द्वारा सामुदायिक बाड़ी में आम के पौधे लगाए गए हैं एवं वर्तमान में कृषकों द्वारा बाड़ी में सब्जी उत्पादन की तैयारी की जा रही है। जिले में वर्ष 2020-21 में जिला खनिज न्यास मद से 53 एफआरए सामुदायिक बाड़ी का निर्माण कराया गया है। उद्यान एवं क्रेडा विभाग द्वारा अन्य एफआरए सामुदायिक बाड़ी का संयुक्त निरीक्षण किया जा रहा है।

### एनसीडीसी माध्यमिक शाला में मना वन महोत्सव



**कोरबा।** एनसीडीसी माध्यमिक शाला में 13 जुलाई को बैगलेस डे एक्टिविटी में वन महोत्सव मनाया गया। जिसमें एक पेड़ मां के नाम समर्पित किया गया। जिसमें पूर्व प्रधान पाठक एम के मिश्रा और सीएसी बाल गोविंद श्रीवास और शाला की समस्त शिक्षिकाएं श्रीमती अरुणा चन्ने, श्रीमती अनिता टंडन, श्रीमती अल्पना साहू, श्रीमती अनुसूया साहू , श्रीमती मीनूरानी देवांगन और शाला की समस्त छात्र-छात्राएं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल रहें।

### प्रवीण बने बामसेफ के अध्यक्ष, सुनील मूलनिवासी संघ के अध्यक्ष



**कोरबा।** जिले में मूलनिवासी संघ की नई जिला कार्यकारिणी का गठन व स्वागत सियान सदन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलनिवासी संघ के राज्य अध्यक्ष तारेश सुरतावान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पिछली बैठक के कार्यवृत से शुरू हुई। इसके बाद वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें संगठन के गतिविधियों व आय व्यय का विस्तृत विवरण शामिल था। तपश्चात पूर्वकार्यकारिणी को विघटित किया गया। नव गठित कोरबा जिला कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष सुनील सुना, उपाध्यक्ष गेन्दलाल सिदार, उपाध्यक्ष रेखा साहू, उपाध्यक्ष रामनारायण श्रीवास, महासचिव प्रदीप बन्दे, कोषाध्यक्ष, नंदकिशोर साहू, प्रशिक्षण सचिव शिव श्रीवास, प्रशिक्षण सचिव अमर दास, मिडिया प्रभारी सय्यद हसन अली, कार्यकारिणी सदस्य विवेक यादव, सदस्य गौतम कुर्रे, अनिल आदित्य, विजय यादव शामिल हैं।

# नगर निगम का वार्ड परिसीमन : 8 दिन में 48 आपत्तियां मिली प्रशासन को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नगरीय निकाय चुनाव के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड परिसीमन के बाद प्रकाशित की गई वार्डों के सीमा निर्धारण और नए वार्ड के लिए शहरवासियों से 22 जुलाई तक दावा आपत्ति मांगा गया है। 9 जुलाई से शुरु हुई दावा आपत्ति की इस प्रक्रिया में महज 8 दिन में ही 48 आपत्तियां शहर के विभिन्न हिस्सों से आम लोग व पार्षदों द्वारा दर्ज कराई जा चुकी है।

वर्ष 2011 की आबादी को आधार मानकर आने वाले नगरीय चुनाव को लेकर नए सिरे से वार्डों का परिसीमन किया गया है। पूर्व में नगर पालिक निगम में 67 वार्ड हुआ करते थे। 8 वार्ड नगर पालिका बांकीमोंगरा में शामिल किए जाने के बाद निगम कोरबा में 59 वार्ड शेष रह गए थे। नगरीय निकाय अधिनियम के तहत नगर पालिक निगम अंतर्गत 67 वार्ड किया जाना है। जिसके लिए नगर पालिक निगम के 59 वार्डों का नए सिरे से सीमा निर्धारण का काम किया गया। अधिकारियों के द्वारा वार्ड क्षेत्र का भ्रमण कर सड़क मार्ग, मंदिर, तालाब, स्कूल जैसे प्रमुख स्थलों को सीमा क्षेत्र में शामिल कर वार्डों की सीमा बनाई गई। जिसका प्रकाशन किए जाने के बाद शहरवासियों से इसके लिए दावा आपत्ति का काम शुरु किया गया। 9 से 22 जुलाई तक दावा आपत्ति का समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत 16 जुलाई तक 48 आपत्तियां वार्ड पार्षदों एवं आम लोगों के द्वारा दर्ज कराई गई हैं। कलेक्ट्रेट में वार्ड परिसीमन को लेकर आपत्तियां दर्ज कराने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति कर काउंटर भी बनाए गए हैं। जहां प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आम शहरवासी वार्ड परिसीमन की सीमा निर्धारण के संबंध में लिखित रुप से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

## 9 से 22 जुलाई तक कर सकते हैं आपत्ति

**खास बात**

- पार्षद के साथ आम लोग भी आपत्ति दर्ज कराने पहुंच रहे कलेक्ट्रेट

### शहर से ज्यादा आपत्तियां

नगरीय निकाय अधिनियम के तहत आम लोगों के द्वारा दर्ज कराई जा रही आपत्तियों में सर्वाधिक आपत्ति शहरी क्षेत्र से आई है। पोड़ीबहार, सीतामणी, कोसाबाड़ी, रिस्दी, खरमोरा, दादर जैसे बड़े वार्डों से ज्यादातर आपत्तियों में लोगों ने अपने पुराने रिहायशी क्षेत्र को नए वार्ड के सीमा में शामिल किए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज कराई हैं वहीं कुछ लोगों ने आपत्तियों में गलत ढंग से सीमा का निर्धारण किए जाने का उल्लेख किया है। इसके अलावा सीमा के निर्धारण को लेकर तालाब और मंदिर का निर्धारण भी किया गया है। कई वार्ड ऐसे हैं जिसके कुछ रिहायशी इलाके दो वार्ड में बंट गए हैं जो कभी एक वार्ड में आते थे।

### दर्री जोन से कम आपत्ति

नगर पालिक निगम के दर्री जोन से सबसे कम आपत्ति दर्ज कराई गई है। वहीं बालको जोन अंतर्गत भी लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई है। बालको जोन अंतर्गत बेलगड़ी बस्ती को नया वार्ड बनाया गया है। पूर्व में बेलगड़ी बस्ती लालघाट वार्ड में शामिल थी। इस बार चेक पोस्ट से लेकर अमर सिंह होटल, फायर ब्रिगेड कॉलोनी, बेलगड़ी बस्ती को मिलाकर नया वार्ड का निर्माण किया गया है किंतु आपत्तियां इस क्षेत्र से नहीं आई है।

## ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में पहुंच रहे पीड़ित मरीज

# संक्रामक बीमारियों का जोर, अस्पताल की गैलरी में लगाने पड़ रहे अतिरिक्त बेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों के जोर पकड़ने से बड़ी संख्या में मरीज मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल हो रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर वार्ड की गैलरी में भी मरीजों के लिए बेड लगाने की मजबूरी आ गई है। मुख्य अस्पताल के अलावा ट्रामा सेंटर के सभी वार्ड मरीजों से भरे होने से वाहां भी वार्ड की गैलरी में मरीजों के लिए बेड लगाया गया है।

**खास बात**

- ट्रामा सेंटर में सभी वार्ड मरीजों से हुए फुल

अस्पतालों में बढ़ते मरीज और लगातार उपचार के लिए ओपीडी में लगी लंबी कतारे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में वायरल फीवर और अन्य संक्रामक बीमारियों के जोर पकड़ने की ओर इंगित कर रही हैं। इन दिनों बारिश होने के बाद लगभग 10 दिन तक मौसम साफ रहने और दिन का तापमान बढ़ने से डायरिया और वायरल फीवर बढ़ने से मरीजों की संख्या जिला अस्पताल में नजर आ रही है। सुबह 8.30 बजे से ही मरीजों की कतार ओपीडी में नजर आती है। वहीं गंभीर रुप से बीमार मरीजों को वार्ड में दाखिल कराए जाने से स्थिति यह हो गई है कि पुरुष वार्ड की गैलरी में अतिरिक्त बेड लगाने की आवश्यकता पड़ गई है। उसके बावजूद दाखिल मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होने से अस्पताल प्रबंधन से ट्रामा सेंटर में सभी वार्ड में मरीजों को दाखिल कराने की सुविधा दी है। उसके बावजूद मरीजों की संख्या देखते हुए ट्राम सेंटर के हाल और गैलरी में भी अस्पताल प्रबंधन को बेड लगाना पड़ गया है। ज्यादातर मरीज कोरबा विकासखंड के ग्रामीण अंचल एवं शहर के स्लम बस्तियों के बताए गए हैं। जिनके परिजन रात में अस्पताल में ही गुजार रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन ऐसे किसी भी मरीज को अस्पताल से बाहर नहीं भेज रहे हैं जो गंभीर रुप से पीड़ित है।



ट्रामा सेंटर हॉल में लगाए गए मरीजों के बेड।

### हाट बाजार क्लीनिक पड़ी बंद

ग्रामीण सप्ताहिक बाजारों में पिछली सरकार के द्वारा लगाए जाने वाली हाट बाजार क्लीनिक अब नहीं लग रही है। इससे भी आम ग्रामीणों का होने वाला उपचार बंद पड़ा है। पूर्व सरकार के समय हाट बाजार क्लीनिक शुरु किए जाने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग खरीदारी करने के साथ अपना उपचार भी कराते थे। वहीं अस्पताल प्रबंधन सुबह 11 बजे से अपनी टीम को हाट बाजार में कैंप लगाने के लिए रवाना कर देता था। जहां स्वास्थ्य कार्यकर्ता के साथ आयुर्वेद चिकित्सक भी मौजूद रहते थे। किंतु वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में लग रहे हाट बाजारों में क्लीनिक नहीं लग रहे हैं। इसके पीछे स्वास्थ्य अमला का कहना है कि उन्हें हाट बाजार तक आने जाने के लिए एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं कराई जाती।

### वायरल फीवर के मरीज ज्यादा

अस्पतालों में वायरल फीवर के मरीज ज्यादा आ रहे हैं, जिन्हें वार्डों में दाखिल कराया गया है। ट्रामा सेंटर में भी वार्ड बनाए गए हैं। एक-दो मरीज डायरिया के आने की जानकारी मिली है।

**-अविनाश मेश्राम,**
डीन मेडिकल कॉलेज कोरबा

# सीएमडी मिश्रा को मिला बेस्ट सीईओ अवार्ड



अवार्ड ग्रहण करते श्री मिश्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भुवनेश्वर में 11-12 जुलाई को आयोजित 24वें जियोमाइनटेक सिम्पोज़ियम में एक्सीलेंस अवाड्र्स अंतर्गत कोयला खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को बेस्ट सीईओ का अवार्ड मिला है। ज्ञात हो कि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के नेतृत्व में एसईसीएल ने कोयला उत्पादन में पिछले वर्ष दर्ज 25 मिलियन टन की रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी के ऊपर वित्त वर्ष 2023-24 में 20 मिलियन टन की बढ़ोत्तरी हासिल की है। डॉ मिश्रा के नेतृत्व में कंपनी में मिशन मोड की संस्कृति को बढ़ावा मिला है जिसके तहत कई मिशनों की शुरुआत की गई है। जिसमें स्किल डेव्लपमेंट के लिए मिशन नचिकेता, सतत धारणीय विकास के लिए मिशन सुदेश, सुरक्षा के लिए मिशन मितवा एवं सतर्कता एवं पारदर्शिता के लिए मिशन फाइट एवम मिशन जटायु को शुरू किया गया है। इन पहलों को पूरे कोयला उद्योग में सराहना मिली है। उक्त समारोह में एसईसीएल उत्पादन, पर्यावरण संवर्धन, एचआर एक्सीलेंस, स्वच्छ भारत अभियान तथा आपदा प्रबंधन में कुशल प्रदर्शन, मशीनों के रख-रखाव की व्यवस्था, सीएसआर कार्य तथा सेफ्टी आदि मानकों पर बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए गोल्डन रेनबो अवार्ड भी प्रदान किया गया है। 14 जुलाई को एसईसीएल निदेशक मण्डल ने सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा से भेंट करते हुए समारोह के दौरान मिले अवाड्र्स को सौंपते हुए बधाई दी।

# कुदमुरा में हाथियों ने मचाया उत्पात, मकान की तोड़ी बॉउड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में मौजूद हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। सोमवार की रात झुंड में शामिल एक दंतैल हाथी झुण्ड सो बिछड़ गया और कुदमुरा बस्ती में घूसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान दंतैल ने माखन रठिया नामक ग्रामीण के बाड़ी के बॉउड्रीवॉल को तोडने के साथ ही वहां लगे गन्ने की फसल को तहस नहस कर दिया। माखन द्वारा मंगलवार की सुबह सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। जहां दंतैल ने कुदमुरा में ग्रामीण के बॉउड्रीवॉल को ढहा दिया वहीं गीतकुंवारी में मौजूद एक अन्य दंतैल ने दो ग्रामीणों के खेत में लगे खड़ी फसल को रौंद डाला है। जबकि गुरमा क्षेत्र में घूम रहे लोनर हाथी ने धान खाने के चक्कर में एक ग्रामीण के आंगन में बंधे बैल को सूड़ से उठाकर पटक दिया जिससे वह घायल हो गया। ग्रामीण द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल रात में मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे दंतैल को खदेड़ा। जिस पर दंतैल ने जंगल का रूख किया। ज्ञात हो कि कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 33 हाथी विचरण कर रहे है। जिनमें से 31 हाथी कुदमुरा परिसर के कक्ष क्रमांक 1140 में जमे हुए है। जबकि एक दंतैल हाथी गीतकुंवारी व एक लोनर गुरमा में सक्रिय है। हाथियो द्वारा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण भयभीत है। वहीं वन विभाग की चिंता भी बढ़ गयी है।

### गुरसिया पुल पर एंबुलेंस पिकअप के बीच भिड़ंत

**कोरबा।** कटघोरा से अंबिकापुर मार्ग के गुरसिया पुल मे मंगलवार की तड़के लगभग 3 बजे एक सड़क हादसा हो गया, जहां मरीज लेकर अंबिकापुर से रायपुर जा रही एम्बुलेंस को लापरवाह पिकअप चालक ने ठोकर मार दी, इस दुर्घटना से एम्बुलेंस के सामने के टायर के प्ररखच्चे उड़ गए और मरीज व परिजन से भरी एम्बुलेंस पुल से नीचे गिरते गिरते बची। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आयी।

# बिजली कंपनी में भर्ती के नाम पर ठगी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने का प्रयास कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद कंपनी प्रबंधन ने आगाह किया है कि ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान न दें। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कतिपय लोगों द्वारा फर्जी जानकारी देकर छात्रों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। पॉवर कंपनी ने इस तरह का कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है और न ही इस तरह के पदनाम से कोई सीधी भर्ती होती है। ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ शासन और सीएसपीडीसीएल का अधिकृत लोगो (प्रतीक चिन्ह) का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ बिजली विभाग भर्ती 2024 के नाम से फर्जी जानकारी साझा की जा रही है, यह पूरी तरह भ्रामक है। श्री वर्मा ने सर्वसाधारण को आगाह किया है कि इस तरह के फर्जी व भ्रामक विज्ञापन के झांसे में न आएं। किसी के द्वारा इसे लेकर पैसे मांगे जाते हैं तो पुलिस में शिकायत करें। पॉवर कंपनी में सभी भर्तियां विधिवत प्रक्रिया के तहत पूरी की जाती है, जिसके लिए समाचार पत्रों में अधिकृत विज्ञापन किये जाते हैं।

### गौमाता के सम्मान में बजरंग दल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** बजरंग दल द्वारा लगातार गौतस्करों के विरुद्ध प्रशासन के सहयोग से कार्यवाही की जा रही है। कुछ समय से एक बड़ा गौ तस्करों गिरोह जिले में हावी है। वहीं बजरंग दल के सभी बजरंगी गौ सेवा में लगे हुए हैं। 15 जुलाई गौपालकों के साथ बजरंग दल ने कलेक्टर को गौतस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा है।

# विशेष शिक्षक भर्ती के लिए दावा आपत्ति 26 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास में बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण, थेरेपी एवं अन्य सुविधा प्रदान करने हेतु विभिन्न पदों पर एकमुश्त मानदेय पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। आवेदक जिले की वेबसाइट पर सूची का अवलोकन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि विशेष शिक्षा भर्ती हेतु जारी पात्र अपात्र सूची के संबंध में आवेदकों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। आवेदक 26 जुलाई तक परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा में कार्यालयीन समय में समुचित दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं। आवेदनों के अपात्रता के कारणों के अंतर्गत राज्य का मूल निवासी न होना, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन न होना, आरसीआई पंजीयन फिजियोथेरेपी काउंसिल से पंजीयन का न होना, आवेदित पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न होना शामिल है।

## 100 से अधिक युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

# वेदांता स्किल स्कूल में मना विश्व युवा कौशल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व युवा कौशल दिवस पर बालको ने वेदांता स्किल स्कूल में 100 से अधिक प्रशिक्षुओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन कियाजिसमें युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमता को पहचानने में कौशल के महत्व पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक विकास दोनों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। इनका उद्देश्य छात्रों के अपने-अपने ट्रेड में कौशल को बढ़ाना और साथ ही उनके समग्र व्यक्तित्व को बढ़ावा देना था। आयोजन मनोरंजन और उत्साह से भरा रहा जिसमें नृत्य प्रदर्शन, फैशन शो, खाना पकाने की चुनौतियाँ और अन्य आकर्षक गतिविधियों के अलावा इलेक्ट्रिकल मॉडल बनाना शामिल था। सोलर पीवी इंस्टॉलर ट्रेड में प्रशिक्षु कशिश यांगडे ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मैं आर्थिक रूप से सशक्त तथा परिवार का भरण-पोषण करना चाहती थी। सोलर एनर्जी के साथ काम करना अविश्वसनीय रूप से संतुष्टिदायक है। कंपनियों और सरकारी निकायों द्वारा सोलर स्त्रोतों पर बढ़ते ध्यान के साथ मुझे इस ट्रेड में कुशल होने पर गर्व है। फिटर ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त हिमांशु कुमार साहू एक्वा पंप्स लिमिटेड में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी स्वावलंबी बनने की यात्रा को साझा करते हुए कहा कि वेदांता स्किल स्कूल में 45-दिवसीय प्रशिक्षण जीवन बदलने वाला रहा है। आवासीय सुविधा एक महत्वपूर्ण लाभ था जिसे शिक्षण अनुभव को बेहतर बनाया। प्रशिक्षण ने मुझे नौकरी के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल में निपुण बनाया और मेरे व्यक्तित्व को भी निखारा। हमें औद्योगिक संचालन और प्रभावी संचार को समझने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने वेदांता स्किल स्कूल पहल के महत्व पर बताया कि वेदांता में सतत आजीविका विकास हमारे सामुदायिक प्रयासों का केंद्र है।



कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षणार्थी।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780